GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD

IAS Association Building, Near Patna Airport, Patna-800014.

Tel. : 0612 - 2225387
Fax : 0612 - 2225387

Ref. No.– 1754/2016 **Dated :** 07.09.2016

प्रेषक : सुधीर कुमार, भा.प्र.से.
परीक्षा नियंत्रक ।

सेवा में,

निदेशक,
विज्ञान एवं प्रावैद्यिकी विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय : **बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]-2016 के आधार पर अभियंत्रण स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु दिनांक 10.09.2016 से दिनांक 11.09.2016 तक एवं पारा मेडिकल डिग्री पाठ्यक्रमों / बी. एल.ई. फार्मेसी डिग्री पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु दिनांक 11.09.2016 को आयोजित कॉउन्सेलिंग के सम्बन्ध में ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]-2016 के आधार पर अभियंत्रण स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु कॉउन्सेलिंग / साक्षात्कार दिनांक 10.09.2016 से दिनांक 11.09.2016 तक तथा बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]-2016 के आधार पर पारा मेडिकल / बी.एल.ई. फार्मेसी डिग्री पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु कॉउन्सेलिंग / साक्षात्कार दिनांक 12.09.2016 को आयोजित है। परन्तु विभाग से अद्यतन सीटों की संस्थानवार / पाठ्यक्रमवार एवं आरक्षण कोटिवार वितरण विवरणी अप्राप्त है।

अनुरोध है कि उपरोक्त संस्थानों की संस्थानवार/ पाठ्यक्रमवार/ आरक्षण कोटिवार सीटों की वितरण विवरणी दिनांक 08.09.2016 को 11.00 बजे पूर्वाह्न तक दो विभागीय प्रतिनिधि के साथ निश्चित रूप से भेजने की कृपा की जाय । साथ ही संस्थानों के प्राचार्यो को अपने स्तर से दिनांक 08.09.2016 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक अपने-अपने संस्थानों की अद्यतन पाठ्यक्रमवार / आरक्षण कोटिवार रिक्तियों को पर्षद के mail ID bceceboardbihar@gmail.com पर निश्चित रूप से upload करवाने का निदेश देने की कृपा करें । **ताकि वेबसाईट पर अद्यतन रिक्तियों के जानकारी हेतु upload किया जा सके । यह अति आवश्यक है।** दिनांक 10.09.2016 से कॉउन्सेलिंग प्रारम्भ करने हेतु सीटों के संस्थानवार / आरक्षण कोटिवार सीटों पर विचार-विमर्श एवं अन्तिम रूप देने एवं नामांकन के अन्य बिन्दुओं पर विचारार्थ हेतु दिनांक 09.09.2016 को 4.30 बजे अपराह्न में परीक्षा नियंत्रक की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित होगी ।

कॉउन्सेलिंग के पर्यवेक्षण हेतु संयुक्त निदेशक (तकनीकि) एवं सीट आवंटन की पर्यवेक्षण हेतु श्री रमाशंकर सिंह, उप निदेशक (तकनीकि) को भी कॉउन्सेलिंग अवधि में प्रतिनियुक्त करने की कृपा की जाय।

कृ०पृ.उ०

साथ ही कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम में सीट आवंटन एवं अन्य कागजातों की जाँच आदि हेतु इन कार्यो के जानकार / दक्ष प्राध्यापकों की आवश्यकता है । अनुरोध है कि कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम के सहायतार्थ निम्न प्राध्यापकों को दिनांक 10.09.2016 से 12.09.2016 तक पर्षद कार्यालय में प्रतिनियुक्त करने की कृपा की जाय तथा उन्हें निदेश देने की कृपा की जाय कि वे दिनांक 10.09.2016 को 9.30 बजे पर्षद कार्यालय में निश्चित रूप से उपस्थित हों ;

(1) प्रो. आनन्द कृष्ण - टेक्सटाईल इंजीनियरिंग विभाग, रा.पो., पटना-7
(2) प्रो. एस.बी. पाण्डेय - मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, रा.पो., पटना-7
(3) प्रो. बी.एन. शर्मा - राजकीय पॉलिटेकनिक,
(4) प्रो. एस.के. चक्रवर्ती - व्याख्याता, भौतिकी विभाग, राजकीय पॉलिटेकनिक, मुंगेर।

अनुरोध है कि संस्थानों की संस्थानवार/ पाठ्यक्रमवार / आरक्षण कोटिवार रिक्तियाँ दिनांक 08.09.2016 को भेजते हुए उसकी हस्ताक्षरित विवरणी की एक प्रति के साथ विभागीय प्रतिनिधि को दिनांक 09.09.2016 को 11.00 बजे पूर्वाह्न तक निश्चित रूप से उपस्थित होने का निदेश देने की कृपा करें ताकि वे दिनांक 09.09.2016 को 4.30 बजे पूर्वाह्न में आयोजित बैठक में भाग ले सके तथा दिनांक 10.09. 2016 से साक्षात्कार कार्यक्रम ससमय प्रारम्भ किया जा सके । उक्त विभागीय प्रतिनिधि को दिनांक 10. 09.2016 से प्रतिनियुक्त करते हुए उक्त अवधि में पर्षद कार्यालय में उपस्थित रहने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाये। साथ ही संस्थानों को यह निदेश देने की कृपा करें कि कॉउन्सेलिंग के सहायतार्थ एवं आवंटन टेबुल पर सीटों के आवंटनार्थ मांगे गये प्राध्यापकों को कॉउन्सेलिंग अवधि में निश्चित रूप से प्रतिनियुक्त करें।

विश्वासभाजन,

ह०/-

(सुधीर कुमार)
परीक्षा नियंत्रक ।

ज्ञापांक - 1754/2016 **दिनांक - 07.09.2016**

प्रतिलिपि : संयुक्त निदेशक (तकनीकि), विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

परीक्षा नियंत्रक ।

ज्ञापांक वि०प्रा०(II) 92-27/2014 2345 पटना, दिनांक – 8/9/016

प्रतिलिपि : सभी संबंधित प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय/ राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान/ आई.टी. मैनेजर, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को निदेशानुसार सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

8/9/16
संयुक्त निदेशक (एम),
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग
बिहार, पटना।